# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल–263001(उत्तराखण्ड)

**KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL, 263001 (UTTARAKHAND), INDIA**

**Office: 05942-236856 (Extn-328), Fax:05942235213**

पत्रांक: KU/RDC/CPET/2024/190 दिनांक:28.12.2024

## उत्तराखंड राज्य पीएच.डी.सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा उक्त परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बंधित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में विस्तृत सूचना

उत्तराखंड राज्य पी.एच.डी.सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों तथा उक्त परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों हेतु कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बंधित महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रथम काउंसलिंग प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जानी है। प्रथम काउंसलिंग हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की वरीयता सूची समर्थ पोर्टल एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। सभी अर्ह अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उक्त काउंसलिंग में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे-

**काउंसलिंग हेतु स्थान: परिशिष्ट 1 के अनुसार**
**काउंसलिंग हेतु विषय: परिशिष्ट 1 के अनुसार**
**रिपोर्टिंग समय: 11.00 बजे**
**काउंसलिंग शुल्क: रु.1,600.00 रुपये**
**काउंसलिंग तिथि: परिशिष्ट 1 के अनुसार**

**अन्य निर्देश:**

1. उक्त काउंसलिंग प्रक्रिया में केवल वे ही अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे जिनका नाम वरीयता सूची में वर्णित है।
2. उक्त काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु निर्धारित काउंसलिंग शुल्क रु.1,600.00 (एक हजार छः सौ रुपये मात्र) काउंसलिंग तिथि पर काउंसलिंग स्थान पर बने शुल्क काउंटर पर काउंसलिंग से पूर्व अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. काउंसलिंग हेतु सभी अभ्यर्थियों को इंटरव्यू कॉल लैटर(इंटरव्यू के समय जारी) लाना अनिवार्य होगा।
4. कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध राजकीय महाविद्यालयओं में कार्यरत नियमित शिक्षक जिन्होने पी.एच.डी. प्रवेश हेतु आवेदन किया है उनकी सूची भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है। ऐसे सभी शिक्षकों को भी उनके विषय की काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु आवश्यक काउंसलिंग शुल्क जमा कर निर्धारित तिथि को संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
5. समस्त अभ्यर्थियों को निम्नांकित प्रमाणपत्रों की मूल प्रति के साथ स्वप्रमाणित छायाप्रति काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करनी होगी -

क. समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र

ख. आरक्षित श्रेणी से संबंधित उत्तराखंड शासन द्वारा निर्गत वैध प्रमाणपत्र।(आरक्षित श्रेणी का लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों हेतु अनिवार्य)।

ग. उत्तराखंड राज्य पी.एच.डी.सम्मिलित प्रवेश परीक्षा-2024 में छूट प्राप्त अभ्यर्थियों के लिये छूट से संबंधित मूलपत्र यथा जे.आर.एफ़./जी.पैट/गेट/एम.फिल./इन्स्पायर/आदि अनिवार्य होगा।

घ. शिक्षक अभ्यर्थियों हेतु अपने संबंधित परिसर/ महाविद्यालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र।

**नोटः काउंसलिंग के समय यदि अभ्यर्थी के मूल प्रमाणपत्रों की जाँच में कोई भिन्नता पायी जाती है तो अभ्यर्थी का परीक्षाफ़ल स्वतः निरस्त माना जायेगा।**

for **निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ**

---

पृष्ठांकन सं.KU/RDC/CPET/2024/190 तददिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नांकित समाचार पत्रों के संपादकों को इस आशय से प्रेषित के उक्त सूचना को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखंड संस्करण में व्यापक छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक: 30 दिसंबर 2024 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें-

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स,नैनीताल।
- न्यूज प्रिंट, नैनीताल।

**प्रतिलिपि-** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

प्रभारी ई. आर. पी. को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के दृष्टिगत वेबसाइट सम्बंधित आवश्यक कार्यवाही यथासमय सुनिश्चित करने का कष्ट करें

निजी सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

for निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ